कुलसचिव
Registrar

महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ,
वाराणसी–2
दूरभाष– 0542 2222689
Mahatma Gandhi Kashi Vidyapith
Varanasi-2
Tel. No.- 0542 2222689

पत्रांक : कु0स0–2 B स0अ0/10524 /06–608–प्र.अनु.–2016/2016,   दिनांक : 13 अगस्त, 2016

सेवा में,
प्रबन्धक,
श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला पी0जी0 कालेज,
कमतैला, रसड़ा,
बलिया।

विषयः– स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अन्तर्गत **भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान एवं गणित** विषयों में चयनित प्रवक्ताओं के अनुमोदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके पत्र दिनांक **13.06.2016** के संदर्भ में सूच्य है कि आप द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख, उपर्युक्त संदर्भित **विषय** के सन्दर्भ में चयन समिति की संस्तुति एवं प्रबन्ध समिति की स्वीकृति पर विचारोपरान्त कुलपति महोदय ने शासनादेश संख्या–2443/सत्तर–2–2000–2(85)/97, दिनांक 09 मई, 2000 एवं सहपठित शासनादेश संख्या–5699/सत्तर–2–2007–2(85)/97, दिनांक 11 जनवरी, 2008, शासनादेश संख्या–2218/सत्तर–2–2007–2(85)/97 दिनांक 23 अगस्त, 2011 तथा शासनादेश संख्या–968/सत्तर–2–2013–18(99)/2013 दिनांक 30 मई, 2013 के आलोक में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संविदा के आधार पर उक्त **प्रवक्ताओं** के लिए अधोलिखित अभ्यर्थियों को उनके सम्मुखांकित विवरण के अनुसार **पॉच वर्ष** के लिए नियुक्त किये जाने की अनुमति प्रदान किया है। महाविद्यालय द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों में यदि भविष्य में कोई त्रुटि पायी गयी तो उसके लिये महाविद्यालय प्रशासन पूर्णतः जिम्मेदार होगा। यदि ये चयनित अभ्यर्थी अन्य महाविद्यालयों में कार्यरत/अनुमोदित पाये गये तो उनका अनुमोदन स्वतः निरस्त समझा जायेगा।

क्र0	नाम	पिता का नाम	जन्मतिथि	शैक्षिक अर्हता	पदनाम
1.	डॉ0 अजय कुमार शर्मा	श्री शिव कुमार शर्मा	01.01.1982	पी0एच0डी0	प्रवक्ता गणित
2.	डॉ0 विवेक वर्मा	श्री आर0डी0 वर्मा	07.07.1977	पी0एच0डी0	प्रवक्ता रसायन विज्ञान
3.	डॉ0 रीता भदौरिया	श्री सुरेन्द्र पाल सिंह भदौरिया	01.06.1974	पी0एच0डी0	प्रवक्ता रसायन विज्ञान
4.	डॉ0 राम मोहन सिंह भदौरिया	श्री विश्वनाथ सिंह भदौरिया	15.07.1976	पी0एच0डी0	प्रवक्ता भौतिक विज्ञान
5.	डॉ0 बलबीर सिंह राठौर	श्री गोविन्द दास राठौर	05.01.1984	पी0एच0डी0	प्रवक्ता भौतिक विज्ञान
6.	डॉ0 महेन्द्र प्रसाद यादव	श्री राम चन्द्र	25.01.1972	पी0एच0डी0	प्रवक्ता जन्तु विज्ञान
7.	डॉ0 राम प्रकाश सिंह	श्री राम सकल सिंह	02.08.1970	पी0एच0डी0	प्रवक्ता जन्तु विज्ञान
8.	डॉ0 ब्रजेश कुमार शर्मा	श्री रामचरन लाल शर्मा	11.07.1970	पी0एच0डी0	प्रवक्ता वनस्पति विज्ञान
9.	डॉ0 संजय स्वरूप सतदार	श्री राम सेवक सतदार	01.12.1972	पी0एच0डी0	प्रवक्ता वनस्पति विज्ञान

अतः उपर्युक्त को शासनादेश के आलोक में नियुक्ति पत्र निर्गत करने से पूर्व सम्बन्धित अभ्यर्थी के मूल शैक्षणिक अभिलेख आदि देखकर नियुक्ति पत्र निर्गत करने का कष्ट करें। नियुक्ति पत्र की प्रति एवं संविदा प्रपत्र (अभ्यर्थी एवं प्रबन्धक के स्वहस्ताक्षरित पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ सहित) की एक प्रति अनुमोदित प्रवक्ता को तथा एक प्रति अन्य अभिलेख सहित कुलसचिव, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी को पत्र प्राप्ति के **15** दिन के अन्दर उपलब्ध करायें। इसके साथ ही यह भी सूच्य है कि नियुक्ति पत्र एवं अनुबन्ध पत्र में अध्यापकों को दिये जाने वाले वेतन आदि का स्पष्ट उल्लेख हो जिसकी एक प्रति महाविद्यालय में सुरक्षित रखी जाय। **अध्यापकों के लिए अंशदायी भविष्य निधि (कन्ट्रीव्यूटरी प्राविडेण्ट फण्ड) अनिवार्य रूप से लागू किया जाय** तथा वेतन भुगतान बैंक के माध्यम से ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय। शासनादेश की शर्तों के अनुसार ही महाविद्यालय के प्रस्ताव पर विश्वविद्यालय की स्वीकृति के उपरान्त संविदा नवीनीकृत की जा सकेगी।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–
1. माननीय कुलपति जी को सादर सूचनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, म0गां0काशी विद्यापीठ, वाराणसी।

कुलसचिव